अनुक्रमांक ....................... नाम ........................................

# अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2023–24

## कक्षा – द्वादश

## विषय : सामान्य हिन्दी

निर्धारित समय : 3:15 घण्टे पूर्णांक : 100

---

**सामान्य निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर स्वच्छ एवं सुन्दर लेख में लिखिए।**

खण्ड – क

प्र.1 क. 'श्रीमदभागवत' पुराण के दशम स्कन्ध की कथा वर्णित है । 1

1. भाषा–योगवाशिष्ठ 2. नासिकेतोपाख्यान
3. प्रेमसागर 4. सुखसागर

ख. 'चन्द्रावती' रचना को अन्य किस नाम से जानते हैं – 1

1. सुखसागर 2. नासिकेतोपाख्यान
3. रानी केतकी की कहानी 4. प्रेमसागर

ग. भारतेन्दु युग की पत्रिका नही है – 1

1. ब्राह्मण 2. हिन्दी प्रदीप 3. आनन्दकादम्बिनी 4. माधुरी

घ. ''मैला आँचल'' उपन्यास के लेखक है – 1

1. इलाचन्द्रजोशी 2. किशोरी लाल गोस्वामी
3. नागार्जुन 4. फणीश्वर नाथ रेणु

ङ. 'चिन्तामणि' के रचनाकार हैं – 1

1. जयशंकर प्रसाद 2. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
3. महादेवी वर्मा 4. प्रेमचन्द

प्र.2 क. आदिकाल का एक अन्य नाम है – 1

1. स्वर्णयुग 2. सिद्धसामन्तकाल 3. श्रृंगार काल 4. भक्तिकाल

ख. 'कठिन काव्य के प्रेत' कहे जाते हैं – 1

1. भूषण 2. केशवदास 3. आलम 4. कृष्णदास

ग. नरपति नाल्ह ने लिखा है – 1

1. बीसलदेव रासो 2. सन्देश रासक 3. खुमाण रासो 4. पदावली

घ. अष्टछाप के कवि नहीं हैं – 1

1. नन्ददास 2. परमानन्द 3. नाभादास 4. सूरदास

ङ. 'पूर्व मध्यकाल' को अन्य किस नाम से जानते हैं – 1

1. आदिकाल 2. भक्तिकाल 3. रीतिकाल 4. आधुनिक काल

प्र.3 दिये गए गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

साहित्य, कला, नृत्य, गीत, आमोद–प्रमोद अनेक रूपों में राष्ट्रीय जन अपने–अपने मानसिक भावों को प्रकट करते हैं आत्मा का जो विश्वव्यापी आनन्द भाव है वह इन विविध रूपों में साकार होता है। यद्यपि वाह्य रूप की दृष्टि से संस्कृति के ये बाहरी लक्षण अनेक दिखाई पडते हैं । किन्तु आन्तरिक आनन्द की दृष्टि से उनमें एक सूत्रता हैं। जो व्यक्ति सहृदय है, वह प्रत्येक संस्कृति के आनन्द पक्ष को स्वीकार करता है और इससे आनन्दित होता हैं। इस प्रकार की उदार भावना ही

Hindustanknowledge.com

विविध जनों से बने हुए राष्ट्र के लिए स्वास्थ्यकर है।

क. उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए। 2

ख. रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए। 2

ग. राष्ट्रीय जन अपने भावों को किन रूपों में प्रकट करते हैं ? 2

घ. आत्मा का विश्वव्यापी आनन्द भाव किन विविध रूपों में साकार होता है। 2

ङ. सहृदय व्यक्ति क्या करता है ? 2

अथवा

यह अनुभव कितना चमत्कारी है कि यहाँ जो जितनी अधिक बूढ़ी है यह उतनी ही अधिक उत्फुल्ल, मुसकानमयी है । यह किस दीपक की जोत है ? जागरूक जीवन की। लक्ष्यदर्शी जीवन की। सेवानिरत जीवन की। अपने विश्वासों के साथ एकाग्र जीवन की । भाषा के भेद रहे हैं, रहेंगे भी, पर यह जोत विश्व की सर्वोत्तम जोत है।

अ. उपर्युक्त गद्यांश के पाठ तथा लेखक का नाम लिखिए । 2

ब. रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए। 2

स. यह किस दीपक की जोत है ? इस पंक्ति में क्या भाव निहित हैं ? 2

द. लक्ष्यदर्शी जीवन की जोत से क्या तात्पर्य है हैं ? 2

य. भाषा के भेद रहे हैं, रहेंगे भी पर यह जोत विश्व की सर्वोत्तम जोत है। इस वाक्य के भाव को स्पष्ट रूप से लिखिए। 2

प्र.4 दिये गये पद्यांशों में से किसी एक पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

नीले फूले कमल दल सी गात की श्यामता है।
पीला प्यारा वसन कटि में पैन्हते हैं फबीला।
छूटी काली अलक मुख की कान्ति को हैं बढ़ाती।
सद्वस्त्रों में नवल तन की फूटती सी प्रभा है।।

क. भगवान श्रीकृष्ण के शरीर के रंग की उपमा किससे की गई है ? 2

ख. उपर्युक्त पद्यांश के पाठ नाम एवं कवि का नाम लिखिए। 2

ग. रेखांकित पंक्ति की व्याख्या लिखिए। 2

घ. 'अलक' शब्द का अर्थ लिखिए। 2

ङ. 'नवल' शब्द का समानार्थी शब्द लिखिए। 2

अथवा

कौन हो तुम बसन्त के दूत, बिरस पतझड़ में अति सुकुमार,
घन तिमिर में चपला की रेख, तपन में शीतल मन्द बयार।

अ. उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए। 2

ब. रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए। 2

स. 'कौन हो तुम' कौन पूँछ रहा / रही है ? 2

द. 'तिमिर' शब्द का विरूद्धार्थी शब्द लिखिए। 2

य. 'शीतल' शब्द का समानार्थी शब्द लिखिए। 2

प्र.5 निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का साहित्यिक परिचय लिखते हुए उनकी प्रमुख रचनाओं का उल्लेख कीजिए । 5

क. अ. वासुदेव शरण अग्रवाल ब. कन्हैया लाल मिश्र 'प्रभाकर'

स. डा. हजारी प्रसाद द्विवेदी

Hindustanknowledge.com

ख. निम्नलिखित में से किसी एक कवि का साहित्यिक परिचय लिखते हुए उनकी प्रमुख कृतियों का उल्लेख कीजिए। 5

अ. अयोध्या सिंह उपाध्याय ''हरिऔध''

ब. सुमित्रानन्दन पन्त स. जयशंकर प्रसाद

प्र.6 ध्रुवयात्रा कहानी का सारांश लिखिए। 5

अथवा

पंचलाइट कहानी का उद्देश्य लिखिए।

प्र.7 स्वपठित खण्डकाव्य के आधार पर खण्डकाव्य का कथानक अपने शब्दों में लिखिए। 5

अथवा

स्वपठित खण्डकाव्य के प्रमुख पात्र का चरित्र–चित्रण कीजिए।

प्र.8 दिए गए संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए। 2+5 =7

क. संस्कृतस्य साहित्यं सरसं, व्याकरणञ्च सुनिश्चितम्। तस्य गद्ये पद्ये च लालित्यं, भावबोध सामर्थ्यम्, अद्वितीयं श्रुतिमाधुर्यं च वर्तते । किं बहुना चरित्र निर्माणार्थं यादृशी सत्प्रेरणां संस्कृतवाङ्मयं ददाति न तादृशीं किञ्चिदन्यत्। मूलभूतानां मानवीयगुणानां यादृशी विवेचना संस्कृत साहित्ये वर्तते नान्यत्र तादृशी।

अथवा

यथैवोपकरणवतां जीवनं तथैव वे जीवनं स्यात । अमृतत्वस्य तु नाशास्ति वित्तेन इति। सा मैत्रेयी उवाच–येनाहं नामृता स्याम किमहं तेन कुर्याम ? यदेव भगवान केवलममृतत्वसाधनं जानाति, तदेव मे ब्रूहि । याज्ञवल्क्य उवाच–प्रिया नः सती त्वं प्रियं भाषसे ।

ख. दिये गये श्लोकों में से किसी एक श्लोक का ससन्दर्भ हिन्दी में अर्थ लिखिए। 2+5 =7

अर्द्धदानववैरिणा गिरिजयाप्यर्द्धं शिवस्याहृवम्,
देवेत्थं जगती तले पुरहराभावे समुन्मीलति।
गंगा सागरमम्बरं शशि कला नागाधिपः क्ष्मातलम,
सर्वज्ञत्वमधीश्वरत्वमगमत् त्वां मां तु भिक्षाटनम्।।

अथवा

न मे रोचते भद्रं वः उलूकस्याभिषेचनम् ।
अक्रुद्धस्य मुखं पश्य कथं क्रुद्धो भविष्यति।।

प्र.9 निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों में से किसी एक का अर्थ लिखकर अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए – 2

क. जैसी करनी वैसी भरनी ख. घी के दिए जलाना

ग. दाल में काला होना घ. आँखों पर पर्दा पड़ना

प्र.10 क. 1. 'विष्णवे' का सन्धि विच्छेद है – 1

क. विष्णु + ए ख. विष्णु + वे ग. विष्णो + ए घ. विष्णुः + ए

2. 'नरेन्द्रः' शब्द का सन्धि विच्छेद है – 1

क. नर + इन्द्रः ख. नरे + इन्द्रः ग. नर + एन्द्रः घ. नरे + इन्द्रः

Hindustanknowledge.com

3. 'सदाचारो पदेशः' का सन्धि विच्छेद है – 1

क. सदाचार + उपदेशः ख. सद् + आचारोपदेशः

ग. सदा + आचारोपदेशः घ. सदाचारो + पदेशः

ख. दिए गए निम्नलिखित शब्दों की विभक्ति और वचन के अनुसार सही विकल्प का चयन करके लिखिए – 2

1. सर्वेषाम्

क. षष्ठी, एकवचन ख. सप्तमी, बहुवचन

ग. षष्ठी, बहुवचन घ. चतुर्थी, बहुवचन

2. सरिदिभिः

क. द्वितीया, एकवचन ख. चतुर्थी, बहुवचन

ग. द्वितीया, बहुवचन घ. तृतीया, बहुवचन

प्र.11 क. निम्नलिखित शब्द–युग्मों का सही अर्थ चयन करके लिखिए –

1. आधि – व्याधि 1

क. सुख और दुःख ख. चिन्ता और शोक

ग. शारीरिक कष्ट और मानसिक कष्ट

घ. बीमारी और आनन्द

2. तरंग –तुरंग 1

क. मन की लहर और शीघ्र ख. लहर और घोड़ा

ग. तेज आवाज और धीमी आवाज घ. ध्वनि और घोड़ा

ख. निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक के दो अर्थ लिखिए। 2

अ. अलि ब. काल स. नाग

ग. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द का चयन करके लिखिए –

क. जिस स्त्री का पति जीवित हो – 1

अ. विधवा ब. सधवा स. विधुर द. सुलक्षिणी

ख. जो पैरों से पीता हो – 1

अ. चरणामृत ब. चरणोदक स. पादप द. नाग

घ. निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए – 2

अ. यह काम चार आदमी का है। ब. सीता गुणवान स्त्री है।

स. परमात्मा के अनेकों नाम हैं। द. लड़के को काटकर फल खिला दो।

प्र.12 क. हास्य अथवा करूण रस की सोदाहरण परिभाषा लिखिए। 2

ख. श्लेष अथवा रूपक अलंकार की सोदाहरण परिभाषा लिखिए। 2

ग. चौपाई अथवा सोरठा छन्द की सोदाहरण परिभाषा लिखिए। 2

प्र.13 अपने गाँव अथवा मोहल्ले में फैली गन्दगी की सफाई कराने हेतु नगर पालिका अध्यक्ष को एक शिकायती पत्र लिखिए। 6

अथवा

अपने निकटस्थ इण्टरमीडिएट कॉलेज के प्रबन्धक को अध्यापक के रिक्त पद हेतु नियुक्ति के लिये एक आवेदन पत्र लिखिए।

14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अपनी भाषा–शैली में निबन्ध लिखिए। 9

अ. नई शिक्षा नीति। ब. भारत में बेरोजगारी की समस्या।

स. छात्र एवं अनुशासन। द. वर्तमान जगत में कम्प्यूटर की भूमिका।



Hindustanknowledge.com